दैनिक भास्कर 15-08-2023

एंटी रैगिंग सप्ताह में चलाया हस्ताक्षर अभियान

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के महिला सेल व अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से एंटी रैगिंग सप्ताह समारोह के दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छात्रों और अन्य सोसायटी के सदस्यों ने भाग लेते हुए हस्ताक्षर किए और सभी प्रकार की रैगिंग को खत्म करने का वादा किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को भारत में रैगिंग के खतरे के बारे में संबोधित किया। महिला सेल और एंटी-रैगिंग समिति की संयोजक डॉ. सीमा कंसल ने सेल के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। हस्ताक्षर

अभियान में लगभग 400 छात्रों और सभी संकाय सदस्यों के साथ डॉ. अनुराधा, डॉ. नियति, डॉ. नीना, प्रो श्याम मौजूद रहे।